प्रभात
प्रकाशन का 73वां साल
स्थापित 1944
प्रभात
सीधी बात-सच्ची बात



# स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष चुने गए भरतराज सिंह

**लखनऊ। प्रभात**

प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के क्रियान्वयन के लिए अनुकूल वातावरण एवं उसमें जन साधारण की सक्रिय भागीदारी हेतु नगर महापालिका के सभी जोन्स व उनके वाड्‌र्स में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के गठन का निर्णय लिया गया। उक्त अभियान को गति देने व नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने हेतु राजीव गांधी वार्ड द्वितीय में भी विराम खण्ड, विनय खण्ड के 9 नागरिकों को इसका दायित्व दिया गया है। इसकी प्रथम बैठक राम भवन परिसर में संपन्न हुई।



इस बैठक में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष डा0 बी0एन0 सिंह व सचिव, रूप किशोर शर्मा व आर0एस0 मिश्र तथा उप.खण्ड समितियों के अध्यक्ष, जी0एन0 सिन्हा आदि एवं नगर उपाध्यक्षए स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति, सुनील मिश्रा, संयुक्त नगर आयुक्त, अनूप वाजपेयी व पूर्व.पार्षद अरुण तिवारी आदि सम्मिलत हुए और स्वच्छता अभियान को गति देने हेतु अपने सुझाव दिए।

बैठक से पूर्व सभी मनोनीत नागरिकों की सहमति से डा0 भरत राज सिंह, जो गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के पर्यावरण सलाहकार व स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज के महानिदेशक (तकनीकी) हैं, एकमत से इस कार्यहेतु अध्यक्ष मनोनीत किया गया। डा0 सिंह ने सभी नागरिकों को धन्यवाद देते हुए उनके सहयोग और उनमें स्वच्छता अभियान के प्रति जनमानस में प्रेरणा जगाने के लिए उनकी सहभागिता और नगर निगम के अधिकारियों से भी उनमे सामंजय बैठाकर समुचित प्रगति बढ़ाने की अपेक्षा की है।

उल्लेखनीय है कि डा0 भरत राज सिंह एक वरिष्ठ पर्यावरणविद हैं जो ग्लोबलवार्मिंग की विभीषिकाओं के प्रति सचेत करते रहते हैं और जलवायु परिवर्तन के संरक्षण पर अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।